<u>आकाशवाणी गोरखपुर</u>
<u>प्रादेशिक समाचार</u>

<u>दिनांक–18 जनवरी 2026</u> **7:20 AM**

पहले मुख्य समाचार।

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज उत्तर प्रदेश को दो नई अमृत भारत ट्रेनों की देंगे सौगात। गुवाहाटी–रोहतक और डिब्रूगढ़–लखनऊ गोमती नगर, अमृत भारत एक्सप्रेस को दिखाएंगे हरी झंडी।
- सर्वोच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने प्रदेश के छह जिलों के एकीकृत न्यायालय परिसर का किया शिलान्यास : कहा– समस्त भारतवर्ष के लिए बेंचमार्क बनेंगे ये कॉम्प्लेक्स।
- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि मणिकर्णिका घाट की एआई से बनी वीडियो दिखाकर लोगों को किया जा रहा है भ्रमित।
- श्रद्धा और उल्लास के साथ आज प्रदेश भर में मनाया जा रहा है मौनी अमावस्या का स्नान पर्व। प्रयागराज स्थित त्रिवेणी में भारी संख्या में उमड़े श्रद्धालु, लगा रहे है आस्था की डुबकी।

**********

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज उत्तर प्रदेश को दो नई अमृत भारत ट्रेनों की सौगात देंगे। श्री मोदी असम से गुवाहाटी (कामाख्या)–रोहतक अमृत भारत एक्सप्रेस और डिब्रूगढ़–लखनऊ–गोमती नगर, अमृत भारत एक्सप्रेस रेलगाड़ियों को हरी झंडी दिखाएंगे। गुवाहाटी रोहतक अमृत भारत ट्रेन वाराणसी और प्रयागराज से होकर गुजरेगी। ये नई रेल सेवाएं पूर्वोत्तर और उत्तरी भारत के बीच रेल संपर्क मजबूत बनाएंगी जिससे सुरक्षित और सुविधाजनक यात्रा संभव हो सकेगी।

**********

सर्वोच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने कल चंदौली सहित प्रदेश के छह जिलों महोबा, अमेठी, शामली, हाथरस व औरैया के एकीकृत न्यायालय परिसर का शिलान्यास किया। इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी शामिल हुए। इस अवसर पर मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि एकीकृत न्यायालय परिसर के निर्माण से उत्तर प्रदेश समस्त भारत में एक उदाहरण प्रस्तुत करेगा। ये कॉम्प्लेक्स देश के लिए बेंच मार्क बनेंगे।

***मैं गर्व के साथ यह बात कह सकता हूं कि जो 10 इंटीग्रेटेड ज्युडिशल कोर्ट कॉम्प्लेक्स उत्तर प्रदेश में जो माननीय मुख्यमंत्री जी ने जो घोषणा की है और जिनमें से छह की स्थापना भी शुरू हुई है। यह बनने से मुझे ऐसा लगता है कि उत्तर प्रदेश सारे भारत वर्ष में एक एग्जांपल सेट करेगा और यह इंटीग्रेटेड ज्युडिशल कोर्ट कॉम्प्लेक्स जो है यह सारे देश के लिए एक बेंचमार्क बनेंगे।***

इस दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि राज्य के छह जनपदों में यह सुविधा उपलब्ध हो रही है। अगले कुछ महीने में चार अन्य जनपदों में यह सुविधा उपलब्ध होगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि लोकतंत्र के सशक्तिकरण के लिए अत्यंत आवश्यक है कि न्यायपालिका भी उतनी ही सशक्त हो।

***हम लोगों का इस बात को मानना है कि लोकतंत्र की सशक्तिकरण के लिए अत्यंत आवश्यक है कि हमारी न्यायपालिका उतनी ही सशक्त हो। एक कॉमन मैन को जितनी सहजता के साथ सरलता के साथ न्याय प्राप्त हो उतना ही उनके पास अच्छा इंफ्रास्ट्रक्चर होना भी आवश्यक है और मुझे बताते हुए प्रसन्नता कि उत्तर प्रदेश सरकार के पास न्यायिक व्यवस्था से जुड़े हुए कोई भी कार्य जब आते हैं, उसे पूरा होने में कोई देर नहीं लगती।***

**********

प्रदेश में विशेष गहन पुनरीक्षण एसआईआर के तहत आज विशेष अभियान चलाया जाएगा। प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि समस्त बूथ लेवल अधिकारियों द्वारा अपने मतदेय स्थलों पर प्रकाशित आलेख्य मतदाता सूची को पढ़कर सुनाया जाएगा। ऐसे मतदाता जो मृतक, अनुपस्थित, दोहरी प्रविष्टि, स्थानांतरित, गणना प्रपत्र हस्ताक्षर कर बीएलओ को वापस न देने के कारण आलेख्य मतदाता सूची में शामिल नहीं किए गए हैं, उनके नाम भी पढ़कर सुनाए जाएंगे।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने सभी मतदाताओं से अपील की है कि अपने बूथ पर जाकर छः जनवरी को प्रकाशित आलेख्य मतदाता सूची में अपना नाम अवश्य जांच लें। यदि आपका नाम आलेख्य मतदाता सूची में न हो तो घोषणा पत्र के साथ फॉर्म 6 भरकर अपने बीएलओ को उपलब्ध करा दें अथवा ईसीआईएनईटी या वोटर्स डॉट ईसीआई डॉट जीओवी डॉट इन पोर्टल पर ऑनलाइन भी आवेदन कर सकते हैं। आलेख्य मतदाता सूची में अंकित अपनी प्रविष्टि में किसी भी त्रुटि को सुधारने के लिए फॉर्म आठ भरे। मतदाता किसी भी प्रकार की जानकारी के लिए हेल्पलाइन नंबर एक नौ पांच शून्य पर भी संपर्क कर सकते है।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल वाराणसी में मणिकर्णिका घाट के पुनर्विकास को लेकर आयोजित एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि काशी के घाट काशी की पहचान हैं। पिछले 11 सालों में काशी अपने आध्यात्मिक और सांस्कृतिक विरासत का संरक्षण करते हुए भौतिक विकास के कार्यों से नई ऊंचाई प्राप्त कर रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि एआई जनरेटेड वीडियो दिखाकर झूठ फैलाया जा रहा

है। उन्होंने कहा कि कुछ लोग काशी के समग्र विकास के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा किए गए प्रयासों में अवरोध उत्पन्न कर रहे हैं।

***जो लोग काशी के इस समग्र विकास के कार्यक्रम को आगे बढ़ाने के लिए प्रधानमंत्री मोदी जी के द्वारा किए गए प्रयास को विभिन्न प्रकार की साजिशें करके उनमें अवरोध पैदा करने का काम कर रहे हैं। पिछले तीन–चार दिनों से उनके द्वारा सोशल मीडिया प्लेटफार्म के माध्यम से तमाम प्रकार के अनलक और झूठी तस्वीरें प्रस्तुत करके जनता जनार्दन को गुमराह करने का काम किया जा रहा है। यह वह लोग हैं जिन लोगों ने विरासत का सम्मान कभी नहीं किया।***

मुख्यमंत्री ने बताया कि काशी विश्वनाथ धाम बनने के बाद से अब तक काशी ने देश की जीडीपी में एक दशमलव तीन लाख करोड़ रुपये का योगदान दिया है।

***काशी के समग्र विकास को उन्होंने देखा और काशी के अंदर चल रही इन विकास की योजनाओं में अपना योगदान भी किया। पिछले यानी काशी विश्वनाथ धाम बनने के बाद से लेकर के अब तक अकेले काशी ने देश की जीडीपी में 1.3 लाख करोड़ रुपए का योगदान किया है। यहां रोजगार के नए अवसर सुलभ हुए हैं।***

उधर, वाराणसी के मणिकर्णिका घाट की एआई से बनी तस्वीरें और गुमराह करने वाली जानकारी फैलाने के आरोप में चौक पुलिस ने आठ लोगों पर कल देर रात मुकदमा दर्ज किया है।

**********

लोक आस्था के पर्व माघ मेला का तीसरा और सबसे बड़ा स्नान पर्व मौनी अमावस्या आज प्रदेश भर में श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाया जा रहा है। कड़ाके की ठंड और कोहरे के बीच वाराणसी, अयोध्या सहित प्रदेश की प्रमुख नदियों में सुबह से ही श्रद्धालु आस्था की डुबकी लगा कर दान–पुण्य कर रहे हैं। प्रयागराज स्थित त्रिवेणी में भी ब्रह्ममुहूर्त से ही भारी संख्या में श्रद्धालुओं के स्नान का क्रम जारी है।

मौनी अमावस्या के स्नान पर्व को लेकर मेला प्रशासन ने व्यापक इंतजाम किए हैं। मेला क्षेत्र में साढ़े तीन किलोमीटर लंबा स्नान घाट तैयार किया गया है। प्रशासन ने मौनी अमावस्या में तीन करोड़ से ज्यादा श्रद्धालुओं के आने का अनुमान लगाया है ,स्नान घाटों पर जल पुलिस, एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, फ्लड कंपनी पीएसी और गोताखोर तैनात किए हैं। इसके अलावा मेले में पुलिस, पीएसी, आर ए एफ, बीडीएस, यूपी एटीएस के कमांडो के साथ ही खुफिया एजेंसियां तैनात है। प्रयागराज के पुलिस आयुक्त योगेंद्र कुमार ने बताया कि मौनी अमावस्या को लेकर सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध किये गये है।

***मौनी अमावस्या को हम लोगों ने पूरी तैयारी कर ली है। स्पेसिफिक टीमें हैं हमारे हर एक जगह पर हर पॉइंट पर हमने एक ग्रीस सिस्टम भी लगाया है ताकि संगम एरिया जो हमारा है मेनली नोज वाला एरिया है वहां पर पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था रहे और प्रत्येक श्रद्धालु को हम विनम्रता के साथ उनको अच्छी तरह से स्नान कराने के उपरांत वापस अपने गंतव्य स्थल की ओर भेज सके।***

मौनी अमावस्या को लेकर रेलवे ने भी विशेष तैयारी की है। यात्रियों की सुविधा के लिए विशेष ट्रेनो का संचालन किया जा रहा है, साथ ही लंबी दूरी की ट्रेनों में स्टॉपेज भी बढ़ाया गया है। इसके अलावा रिंग रेल के जरिए यात्रियों को गंतव्य को पहुंचाया जाएगा। उत्तर मध्य रेल के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी शशिकांत त्रिपाठी ने बताया कि यात्रियों की सुविधा के मद्देनजर अलग अलग गंतव्य पर जाने के लिए स्टेशनों पर कलर कोडिंग प्रवेश द्वार बनाए गए हैं।

***रेल प्रशासन इसमें पूरी तरह से तैयार है। जो हमारे स्टेशन के प्रोटोकॉल रहेंगे प्रवेश और निकास के संबंध में जो कलर कोडेड यात्री आश्वासन के माध्यम से लोगों को प्लेटफार्म में प्रवेश दिया जाएगा। ट्रेनों के संचालन की बात करें तो ट्रेनों का संचालन इस तरह से प्लान किया गया है कि यात्रियों को बिना इंतजार किए हुए बिना कोई लंबे समय तक प्लेट करते हुए उनको उनकी जो निर्धारित जो जिस गंतव्य की ओर जाना चाहते हैं उसको सुविधा के साथ भेज दें।***

**********

प्रदेश में ठंड और कोहरे का सिलसिला जारी है। मौसम विभाग ने अगले दो दिनों के लिए राज्य में मौसम शुष्क रहने का अनुमान जताया है। साथ ही बाईस और तेइस जनवरी को प्रदेश के पश्चिमी और पूर्वी क्षेत्र के कई जनपदों में बारिश की भी सम्भावना जतायी है।

**********